NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) Yes, Sir.

(b) This has been done to enable the Public Sector Companies to function effectively in the new environment in which Import of Lubricants has been decanalised.

(c) and (d) Market forces are expected to keep the prices competitive.

गुजरात में मिट्टी के तेल की मांग

770. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में 31 अक्तूबर को स्थिति के अनुसार मिट्टी के तेल की जिलावार कितनी मांग थी, और सरकार द्वारा इस मांग को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए ;

(ख) क्या मिट्टी के तेल के वितरकों ने अपना कमीशन बढ़ाने हेतु सरकार के पास अपना मांग पत्र भेजा है और राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में कोई विस्तृत सुझाव दिया गया है ;

(ग) यदि हां, तो सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) मिट्टी का तेल एक कमी वाला उत्पाद है। आपूर्ति की जाने वाली मात्रा का 40 प्रतिशत आयात किया जाता है। विदेशी मुद्रा की सीमित उपलब्धता तथा इसमें निहित भारी राज सहायता के कारण एस.के.ओ. की उपलब्धता में बाधा की वजह से रुपयों की पूर्ण मांग को पूरा नहीं किया जा सकता है। केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को राज्य वार माहवार आवंटन किया जाता है। जिलेवार आवंटन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। आवंटन के प्रति पूर्ण मात्रा की आपूर्ति की जा रही है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) से (घ) 1-9-93 को प्रभावी तिथि से मिट्टी के तेल के डीलरों को भुगतान की जाने वाली कमीशन की दरों को निम्नानुसार संशोधित कर दिया गया है :-

(रु०/कि०ली०)

	थोक विक्रेता	खुदरा विक्रेता
डीलरों का परिश्रमिक	14.50	14.50
रिसाव भत्ता	7.20	14.40
प्रचालन व्यय	31.00	40.10

गुजरात में तेल और प्राकृतिक गैस के लिए सर्वेक्षण

771. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनंदन जैन :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गुजरात राज्य के सौराष्ट्र कच्छ क्षेत्र में तेल और प्राकृतिक गैस की संभावना का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण कार्य कराया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उन जिलों के नाम क्या हैं जहां अब तक सर्वेक्षण कार्य करा लिया गया है ;

(ग) क्या सरकार ने उक्त सर्वेक्षण कार्य को किन्हीं निजी और विदेशी फर्मों को सौंपा है ;

(घ) इस सर्वेक्षण कार्य की अनुमानित लागत कितनी है और यह कार्य किस समय सीमा तक सम्पन्न हो जाएगा; और